साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

1. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष

पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)
वेतनमान : पे बैंड- III/15600-39100/ग्रेड पे -5400

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ
अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. प्रतिष्ठित पुस्तकालय में पाँच वर्षों का अनुभव।
3. मातृभाषा के अलावा दो भारतीय भाषाओं का अच्छा ज्ञान।
4. पुस्तकालय संबंधित कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क।
2. पुस्तकालय अनुसंधान में अनुभव।

आयु सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु-सीमा में छूट)

2. तकनीकी सहायक

पदों की संख्या : एक (अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)
वेतनमान : पे बैंड- II/9300-34800/ग्रेड पे -4200

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ
अनिवार्य

1. स्नातक अथवा समकक्ष योग्यता।
2. पुस्तक प्रकाशन में डिप्लोमा।
3. किसी मुद्रणालय, प्रकाशन गृह अथवा सरकारी उपक्रम में कार्य करने का पाँच वर्षों का अनुभव।
4. पुस्तक के मुद्रण तथा प्रकाशन की विभिन्न प्रक्रियाओं का ज्ञान।
5. एक अथवा अधिक भाषाओं तथा साहित्य संबंधी साहित्यिक कार्यों को करने का ज्ञान।
6. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

आयु सीमा : 30 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु-सीमा में छूट)

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर जिस पद के लिए आवेदन किया है उसका उल्लेख होना चाहिए। ई-मेल द्वारा अथवा ज़रूरी प्रमाण-पत्रों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/38/2017

प्रकाशन तिथि : 27 मई 2017
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 25 जून 2017

साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली में **सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष** (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) तथा **तकनीकी सहायक** (अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित) पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है। अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट देखें: http://www. sahitya-akademi.gov.in।

विज्ञापन सं. सा.अ.50/38/2017